हिन्दी (प्रश्न-पत्र–I)

(साहित्य)

निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

HINDI (PAPER–I)

(LITERATURE)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए : 10×5=50

(a) अपभ्रंश और अवहट्ठ का तुलनात्मक मूल्यांकन

(b) खड़ी बोली हिन्दी की व्याकरणिक विशेषताएँ

(c) हिन्दी का तत्सम संदर्भित मानकीकरण

(d) राष्ट्रभाषा की अवधारणा और हिन्दी

(e) आल्हा गायन की भाषा

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) अवधी भाषा की अखिल भारतीय लोकप्रियता के कारणों का विवेचन कीजिए। 20

(b) राजभाषा हिन्दी विषयक कंप्यूटर साधित कार्यक्रमों का परिचय दीजिए। 15

(c) हिन्दी भाषा के मानकीकरण के संदर्भ में लिपि प्रयोग से संबंधित वाद-विवादों को रेखांकित कीजिए। 15

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) सिद्ध-नाथ साहित्य की शब्दावली संपदा का विवेचन कीजिए। 20

(b) हिन्दी के मशीनी अनुवाद की प्रविधि और प्रक्रिया का विवेचन कीजिए। 15

(c) हिन्दी-उर्दू भाषाई संबंध के समावेशी बिन्दुओं का विश्लेषण कीजिए। 15

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) भारतेन्दु मंडल की भाषा-दृष्टि के संदर्भ में राष्ट्रभाषा हिन्दी की विकास-यात्रा के चरणों को रेखांकित कीजिए। 20

(b) भाषा और बोली के कृत्रिम विभाजन के संदर्भ में हिन्दी के भाषाई सातत्य के चिह्नों का निरूपण कीजिए। 15

(c) 18–19वीं शताब्दी में ईसाई मिशनरियों की भाषा-नीति का मूल्यांकन कीजिए। 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए : 10×5=50

(a) विद्यापति की गंगा-भक्ति

(b) भक्ति रंगमंच का स्वरूप

(c) प्रयोगवादी कविता की भाषा

(d) रामविलास शर्मा की आलोचना-दृष्टि का सांस्कृतिक पक्ष

(e) कृष्णभक्त मुसलिम कवयित्रियों की भक्ति-चेतना

Optional Province · optionalprovince.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की साहित्येतिहास-दृष्टि के प्रमुख बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए। 20

(b) रीतिकालीन कवियों की शृंगार चेतना के गार्हस्थ्य-बोध का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 15

(c) रासलीला की अखिल भारतीय व्याप्ति को स्पष्ट करते हुए इसके पाठ और प्रदर्शन-पद्धति पर प्रकाश डालिए। 15

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) 20वीं शताब्दी पूर्वार्द्ध के हिन्दी उपन्यासों के कथ्य के आधार पर स्वतंत्रता के दर्शन की व्याख्या कीजिए। 20

(b) साठोत्तरी हिन्दी कविता में लयात्मकता के ह्रास के कारण-परिणाम का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 15

(c) हिन्दी में ललित निबंध साहित्य की विकास-यात्रा को समझाते हुए विवेकी राय का योगदान स्पष्ट कीजिए। 15

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) 'भक्ति' कविता में अभिव्यक्त भारतबोध को स्पष्ट करते हुए भाषाई और सांस्कृतिक समन्वय के चिह्नों को रेखांकित कीजिए। 20

(b) निर्मल वर्मा की कहानियों में व्यक्त स्मृति-पक्ष का विवेचन कीजिए। 15

(c) रेखाचित्र और संस्मरण का अंतर स्पष्ट करते हुए बनारसीदास चतुर्वेदी के संस्मरण साहित्य का परिचय दीजिए। 15

★ ★ ★

Optional Province · optionalprovince.com